देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 19 अंक: 297 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**
बात सही, तरीका गलत



# पेज थ्री

देहरादून, शनिवार, 8 मार्च 2025



मौसम अधिकतम 25.0° न्यूनतम 14.0° | 82924.41

2 तहव्वुर राणा की आखिरी कोशिश नाकाम
7 तुरुप का इक्का हो सकते है अक्षर

# हिंदुओं की रक्षा करना बांग्लादेश सरकार की जिम्मेदारी

## भारत ने बांग्लादेश को हिंदुओं पर हुए हमलों को लेकर खूब सुनाया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफा देने के बाद से पड़ोसी देश के हालात काफी खराब हैं। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में चल रही सरकार में हिंदुओं समेत तमाम अल्पसंख्यकों की स्थिति बदतर हो गई है। अब भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश को खूब सुनाया है और कहा है कि हिंदुओं और उनकी संपत्तियों की रक्षा करना वहां की सरकार की जिम्मेदारी है। साथ ही, यह भी कहा है कि भारत स्थिर और समावेशी बांग्लादेश का समर्थन करता है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने शुक्रवार को मीडिया ब्रीफिंग में कहा, हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के साथ–साथ उनकी संपत्तियों, धार्मिक संस्थानों की भी रक्षा करना बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने बांग्लादेश के संबंध में आगे कहा कि हम बिगड़ती कानून–व्यवस्था की स्थिति को लेकर चिंतित हैं, जो हिंसक चरमपंथियों की रिहाई से और भी बदतर हो गई है। हम स्थिर, शांतिपूर्ण, समावेशी बांग्लादेश का समर्थन करते हैं, जहां सभी मुद्दों का समाधान लोकतांत्रिक तरीकों और समावेशी चुनावों के माध्यम से किया जाता है। उन्होंने कहा कि भारत और बांग्लादेश के बीच गंगा जल संधि के लिए गठित संयुक्त समिति की 86वीं बैठक छह मार्च को कोलकाता में हुई। बैठक में दोनों पक्षों ने गंगा जल संधि से संबंधित तकनीकी मुद्दों, जल प्रवाह की माप और आपसी हित के अन्य मुद्दों पर चर्चा की।

विदेश मंत्री एस जयशंकर की ब्रिटेन यात्रा के दौरान सुरक्षा उल्लंघन को लेकर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि हमने विदेश मंत्री की यात्रा के दौरान ब्रिटेन स्थित अलगाववादी और चरमपंथी तत्वों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के उल्लंघन के बारे में ब्रिटेन के अधिकारियों को बताया है। लेकिन इसकी गंभीरता के बारे में हमारा दृष्टिकोण दोषियों के खिलाफ की गई कार्रवाई पर निर्भर करेगा।

वहीं निर्माण क्षेत्र में काम करने वाले 10 भारतीय कामगार गाजा पश्चिमी तट पर मिले हैं। इस्राइल के अधिकारी उन्हें वापस इस्राइल ले आए। मामले की जांच की जा रही है और दूतावास इस्राइल अधिकारियों के संपर्क में है।

### तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण के लिए अमेरिका के साथ कर रहे काम

तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि आपने तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण के बारे में राष्ट्रपति ट्रंप की टिप्पणियों को देखा होगा। संयुक्त वक्तव्य में भी यही भावना झलकती है। हम भारत में उसके प्रत्यर्पण की अनुमति देने के लिए आवश्यक औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए अमेरिकी सरकार के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।



### मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में शामिल होंगे पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में शामिल होंगे। साप्ताहिक ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय ने कहा कि पीएम मोदी मुख्य अतिथि के रूप में समारोह का हिस्सा बनेंगे। वे 11–12 मार्च को मॉरीशस के दौरे पर रहेंगे। इसके अलावा भारतीय रक्षा बलों की एक टुकड़ी मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में भाग लेगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 11 और 12 मार्च को मॉरीशस में होंगे। यहां वह मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे।

### भारत अमेरिका ने की बहु–क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते की घोषणा

एमईए कहा कि फरवरी 2025 में प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा के दौरान भारत–अमेरिका ने लाभकारी बहु–क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत करने की घोषणा की। वाणिज्य और उद्योग मंत्री अमेरिका में थे और उन्होंने अपने समकक्षों से मुलाकात की। दोनों सरकारें बहु–क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर चर्चा को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया में हैं। इस समझौते के जरिये हमारा उद्देश्य माल और सेवा क्षेत्र में भारत–अमेरिका दोतरफा व्यापार को मजबूत और गहरा करना, बाजार पहुंच बढ़ाना, टैरिफ और गैर–टैरिफ बाधाओं को कम करना और दोनों देशों के बीच आपूर्ति श्रृंखला एकीकरण को गहरा करना है।

## संक्षिप्त समाचार

### पंचकूला में वायुसेना का फाइटर जेट क्रैश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज**

पंचकूला। हरियाणा के पंचकूला के पहाड़ी क्षेत्र के अंतर्गत मोरनी के बालदवाला गांव के पास वायुसेना का एक फाइटर जेट क्रैश हो गया। विमान के गिरने से पहले पायलट ने पैराशूट के जरिए छलांग लगा दी, जिससे पायलट की जान बच गई। फाइटर जेट पूरी तरह से जलकर क्षतिग्रस्त हो गया है और विमान के टुकड़े आसपास बिखरे हुए हैं। स्थानीय लोगों को जैसे ही फाइटर जेट के गिरने का पता चला, तो वह मौके पर पहुंचे और पायलट को जंगलों में जाकर निकालने के प्रयास में जुट गए।

### अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान को लिखा पत्र

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि वह ईरान के साथ परमाणु समझौते पर बातचीत करना चाहते हैं। इसे लेकर उन्होंने ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनई को एक पत्र भेजा है।

# हाथी और ड्रैगन का साथ आना जरूरी

## चीनी ड्रैगन ने डोनाल्ड ट्रंप को दिया बड़ा मैसेज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बीजिंग। चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने भारत के साथ संबंधों पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि दोनों देशों को एक साथ मिलकर काम करने की जरूरत है। चीन इसके लिए बिल्कुल तैयार है। उन्होंने कहा कि यही एकमात्र रास्ता है, जिससे दोनों देशों के हितों की पूर्ति होगी।

शुक्रवार को अपने वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में वांग यी ने अमेरिका की ओर इशारा करते हुए कहा कि वैश्विक दक्षिण के अहम सदस्यों होने के नाते यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम आधिपत्यवाद का विरोध करने में अग्रणी भूमिका निभाएं।

वांग यी ने आगे कहा कि दोनों देशों को न केवल अपने वैध अधिकारों और हितों की रक्षा करनी चाहिए बल्कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों को नियंत्रित करने वाले बुनियादी मानदंडों को भी बनाए रखना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि अगर चीन और भारत हाथ मिलाते हैं तो अंतरराष्ट्रीय मामलों में अधिक लोकतंत्र और मजबूत वैश्विक दक्षिण की संभावना में काफी सुधार होगा।

चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने कहा कि भारत–चीन संबंधों में सकारात्मक प्रगति हुई है। लद्दाख में सीमा गतिरोध खत्म होने के बाद सभी स्तरों पर उत्साहजनक नतीजे देखने को मिले हैं। जब उनसे पूछा गया कि भारत के साथ सैन्य गतिरोध खत्म होने के बाद चीन द्विपक्षीय संबंधों को कैसे देखता है?

वांग यी ने आगे कहा कि चीन का मानना है कि सबसे बड़े पड़ोसी होने के नाते दोनों देशों को एक–दूसरे की सफलता में हिस्सेदार बनना चाहिए। ड्रैगन और हाथी के बीच सहयोगात्मक साझेदारी ही दोनों पक्षों के सामने एकमात्र सही विकल्प है।

### द्विपक्षीय संबंधों पर हावी न हो अन्य मतभेद

वांग यी ने कहा कि अगर सीमा या अन्य मुद्दों पर मतभेद है तो इसका असर पूरे द्विपक्षीय संबंधों पर नहीं पड़ना चाहिए। दो प्राचीन सभ्यताओं के तौर पर हमारे पास सीमा मुद्दे के निष्पक्ष और उचित समाधान तक सीमा पर शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए पर्याप्त समझ और क्षमता है। उन्होंने कहा कि हमें द्विपक्षीय संबंधों को कभी भी सीमा के सवाल या किसी अन्य मतभेद से परिभाषित नहीं होने देना चाहिए, ताकि हमारे पूरे द्विपक्षीय संबंध प्रभावित न हो।

# हमारी सरकार गरीबों की सच्ची साथीः पीएम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

सूरत। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को सूरत में खाद्य सुरक्षा संतृप्ति अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह संतृप्ति अभियान तुष्टिकरण की भावना को छोड़कर संतुष्टिकरण की भावना को आगे बढ़ाएगा।

पीएम मोदी ने कहा कि सूरत अनेक मामलों में गुजरात और देश का एक अग्रणी शहर है। सूरत आज गरीब और वंचित को भोजन और पोषण की सुरक्षा देने में आगे निकल रहा है। यहां आज जो खाद्य सुरक्षा संतृप्ति अभियान चलाया गया है। यह दूसरे जिलों और राज्यों के लिए भी प्रेरणा बनेगा। उन्होंने कहा कि यह अभियान सुनिश्चित करता है कि न कोई भेदभाव, न कोई छूटे, न कोई रूठे और न कोई किसी को ठगे। यह अभियान तुष्टिकरण की भावना को छोड़कर संतुष्टिकरण की भावना को आगे बढ़ाएगा। जब सरकार ही लाभार्थी के दरवाजे पर जा रही है, तो कोई छूटेगा कैसे और जब कोई छूटेगा नहीं तो कोई रूठेगा कैसे। जब सोच यह हो कि हमें सब तक लाभ पहुंचाना है, तो ठगने वाले दूर भाग जाते हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि मुझे संतोष है कि हमारी सरकार गरीबों की सच्ची साथी बनकर खड़ी है।

**शुभारंभ**

■सूरत में खाद्य सुरक्षा संतृप्ति अभियान का शुभारंभ

### महिलाओं को सौंपूंगा अपना सोशल मीडिया अकाउंट

पीएम मोदी ने कहा कि कुछ दिन पहले मैंने देश की नारी शक्ति से अपनी सफलताओं को अपनी उपलब्धियों को, अपने जीवन की प्रेरणादायी यात्रा को नमो एप पर शेयर करने का आग्रह किया। महिला दिवस के अवसर पर मैं अपना सोशल मीडिया अकाउंट ऐसी ही कुछ प्रेरणादायी बहनों–बेटियों को सौंपने जा रहा हूं।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# सरकार लाई महिलाओं के लिए नई योजना

■महिला दिवस पर लांच होगी महिला सशक्तीकरण विभाग की योजना

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड में महिलाओं को सशक्त करने के लिए सरकार की महत्वाकांक्षी महिला सारथी योजना अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आठ मार्च को शुरू की जाएगी। इस योजना के पहले प्रथम सप्ताह जनजागरूकता के लिए महिलाओं को इस योजना के तहत चलने वाले वाहनों में निश्शुल्क सफर कराया जाएगा। महिला सशक्रीकरण मंत्री रेखा आर्या महिला सारथी की पहली सवारी बनेंगी। इस योजना की शुरुआत 10 ई–स्कूटी, दो आटो रिक्शा और दो ई–टैक्सी कार से की जा रही है।

महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर, विधवा अथवा परित्यक्ता महिलाओं को इस योजना में प्राथमिकता दी जा रही है। उनके ड्राइविंग लाइसेंस भी बनाए जा रहे हैं। इस योजना की शुरुआत महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास मंत्री के कैंप कार्यालय से की जाएगी। वह स्वयं आइआरडीटी हाल सर्वे चौक तक इन्हीं वाहनों से पहुचेंगी। इसके बाद आइआरडीटी सभागार में इस योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

# खर्च से बचने वालों की जिम्मेदारी नहीं लेगा अमेरिका


रिपोर्ट

## ट्रंप के सख्त रुख से नाटो के भविष्य पर सवाल

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर नाटो गुट के अपने सहयोगियों से नाराजगी जताई है। ट्रंप ने सख्त लहजे में कहा है कि अगर नाटो देश अपनी रक्षा के लिए पर्याप्त खर्च नहीं करते तो फिर अमेरिका भी उनकी रक्षा नहीं करेगा। वाइट हाउस के ओवल ऑफिस में उन्होंने ये बात कही है। डोनाल्ड ट्रंप लगातार कह रहे हैं अमेरिका के अलावा नाटो के बाकी सदस्यों का रक्षा खर्च काफी कम है। ऐसे में अमेरिका पर अतिरिक्त भार पड़ता है। इससे ट्रंप नाराज हैं, उन्होंने अमेरिका को नाटो से बाहर करने के भी संकेत दिए हैं। ट्रंप के रुख से नाटो के भविष्य पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं।

डोनाल्ड ट्रंप ने ओवल ऑफिस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान नाटो सहयोगियों की रक्षा करने की प्रतिबद्धता नहीं दिखाई। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि अगर वे (नाटो सदस्य) खर्च नहीं करते हैं तो मैं भी उनकी रक्षा नहीं करने वाला हूं। ट्रंप ने इस दौरान कहा कि यह उनका पुराना विचार है और उन्होंने अपने पहले कार्यकाल के दौरान भी इस पर बात की थी। ट्रंप ने कहा कि कुछ नाटो सदस्यों ने रक्षा खर्च बढ़ाया है लेकिन ये नाकाफी है।



यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की से विवाद के बाद डोनाल्ड ट्रंप सार्वजनिक रूप से कह रहे हैं कि यूरोप को रूस के खिलाफ सुरक्षा का जिम्मा खुद उठाना चाहिए। डोनाल्ड ट्रंप यूरोप और खासतौर से नाटो देशों से रक्षा पर जीडीपी का 5 फीसदी खर्च करने के लिए कह रहे हैं।

ट्रंप ने रूस के राष्ट्रपति पुतिन के साथ बातचीत की है। वह रूस के लिए नरम तो यूक्रेन और यूरोप पर आक्रामक दिख रहे हैं। इससे एक्सपर्ट मान रहे हैं कि ट्रंप अमेरिका को नाटो से बाहर कर सकते हैं। सात दशक पहले बने सैन्य गठबंधन नाटो में फिलहाल 32 सदस्य देश हैं। इनमें से ज्यादातर यूरोप के मुल्क हैं। अमेरिका लगातार नाटो का अगुआ देश बना हुआ है। अमेरिका लगातार यूरोप को सुरक्षा देने वाला देश रहा है। यूरोप में अमेरिका की काफी ज्यादा सैन्य उपस्थिति है। चालीस से ज्यादा अमेरिकी सैन्य अड्डे पूरे यूरोप में फैले हुए हैं। ऐसे में अगर अमेरिका नाटो से बाहर हुआ तो नाटो के लिए एकजुट रहना मुश्किल होगा। ऐसी स्थिति में ये गुट बिखर सकता है।

ट्रंप ने जापान के साथ अमेरिका के गठबंधन पर भी बात की है। ट्रंप ने कहा कि जापान के साथ हमारे बहुत अच्छे संबंध हैं लेकिन जापान के साथ हमारा एक दिलचस्प सौदा है कि हमें उनकी रक्षा करनी है। हालांकि उन्हें हमारी रक्षा करने की जरूरत नहीं है। वैसे भी जापानी हमारे साथ आर्थिक रूप से बहुत पैसा कमाते हैं।

## न्यूज डायरी



### अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सुनीता विलियम्स के बालों की तारीफ की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नासा की भारतवंशी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स के बालों की खूब तारीफ की है। ट्रंप ने इसी के साथ सुनीता के बालों की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि मैं देख रहा हूं कि सुनीता के बाल बहुत ही घने हैं, उसके बाल बहुत ही सुंदर हैं। ट्रंप ने कहा, मैं मजाक नहीं कर रहा, उनके बाल काफी सुंदर हैं। ट्रंप विलियम्स और विल्मोर के बारे में पूछे गए एक सवाल का जवाब दे रहे थे, जो पिछले नौ महीनों से अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर फंसे हुए हैं। ट्रंप ने तारीफ करते हुए कहा कि आप लोग अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर फंसे हैं, लेकिन अब हम आपको लेने आ रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने अंतरिक्ष यात्री बुच विल्मोर और सुनिता विलियम्स को वापस धरती पर लाने में मदद करने के लिए व्यक्तिगत रूप से एक बचाव दल को अंतरिक्ष में भेजने की बात की है। ट्रंप ने इसी के साथ पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन पर भी जमकर निशाना साधा और दोनों की वापसी में देरी के लिए जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि आठ दिन का मिशन था, लेकिन बाइडन की वजह से ये नौ महीने से ऊपर चल रहा है। ओवल ऑफिस में पत्रकारों से बात करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, बाइडन उन्हें वहीं छोड़ गए। हमारे दो अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष में फंसे हुए हैं। मैंने एलन मस्क से पूछा कि क्या मेरा एक काम करोगे। क्या तुम उन्हें बाहर निकाल सकते हो? उन्होंने कहा– हां। मस्क अब ऊपर जाने की तैयारी कर रहे हैं। मुझे लगता है कि दो सप्ताह में काम पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि मस्क अभी उन्हें लाने के लिए जहाज तैयार कर रहे हैं।

### टैरिफ पर मेक्सिको और कनाडा को राहत, 2 अप्रैल तक छूट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप घोषणा की कि मेक्सिको से आयातित अधिकांश वस्तुओं पर 25 प्रतिशत शुल्क एक महीने के लिए स्थगित कर दिया गया है। यह निर्णय मैक्सिको के राष्ट्रपति के साथ वार्ता के बाद लिया गया। वहीं, कनाडा को भी 2 अप्रैल तक कुछ वस्तुओं पर टैरिफ नहीं देना होगा। दोनों देशों को यह छूट उन वस्तुओं के लिए दी गई है जो यूनाइटेड स्टेट्स–मैक्सिको कनाडा समझौते के तहत आती हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने उन कागजातों पर हस्ताक्षर किए, जो मैक्सिको और कनाडा के उन सभी टैरिफ को लगभग एक महीने के लिए टाल देंगे, जो ेन्ङ्ग। मुक्त व्यापार संधि के अंतर्गत आते हैं। अमेरिकी वाणिज्य सचिव हावर्ड लुटनिक ने पहले ही संकेत दे दिया था कि राष्ट्रपति कुछ टैरिफ में कटौती कर सकते हैं। लुटनिक ने कहा था कि राष्ट्रपति 5 मार्च की शुरुआत में कनाडा और मेक्सिको पर लगाए गए 25 प्रतिशत टैरिफ में से कुछ को कम कर सकते हैं। लुटनिक ने जोर देकर कहा कि पारस्परिक शुल्क, जिसमें अमेरिका उन देशों पर आयात कर लगाता है जो अमेरिकी निर्यात पर शुल्क लगाते हैं, दो अप्रैल से लागू होंगे। लुटनिक के बयान के तुरंत बाद अमेरिकी बाजारों में थोड़ी स्थिरता आई। यह दूसरी बार है जब ट्रंप ने फरवरी की शुरुआत में आयात पर अतिरिक्त शुल्क लगाने की घोषणा के बाद एक महीने की देरी की है।

### डोनाल्ड ट्रंप की धमकी पर भड़का हमास, ओबैदा की चेतावनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** गाजा पट्टी। फिलिस्तीनी गुट हमास ने कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से आ रहे बयान गाजा में चीजों को खराब कर रहे हैं। हमास का मानना है कि ट्रंप की बातें इजरायल को गाजा युद्धविराम को आगे ना बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित कर रही हैं, जबकि ये समझौता पहले ही नाजुक दौर में है। हमास का बयान अमेरिकी राष्ट्रपति की उस चेतावनी के बाद आया है, जिसमें उन्होंने इस गुट को बंधकों को रिहा नहीं करने पर नतीजे भुगतने की धमकी दी है। इससे पहले ट्रंप ने गाजा से फिलिस्तीनियों को दूसरे देश भेजने का प्रस्ताव देकर विवाद खड़ा कर दिया था।


गाजा में करीब दो दशक से शासन कर रहे सशस्त्र गुट हमास के सैन्य प्रवक्ता अबू ओबेदा ने गुरुवार को इजरायल को धमकी देते हुए कहा कि उसकी कोई भी आक्रामक कार्रवाई बंधकों की जान जाने की वजह बन सकती है। ये ऐसे समय हुआ है, जब हमास और इजरायल के बीच बंधकों की रिहाई और युद्ध को लेकर बातचीत अटकी हुई है।

## चीन ने बनाया कराची शहर में इंटेलिजेंस कमांड सेंटर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तानी सेना सालों से देश की जनता को ये कहकर लूटती रही कि वो कश्मीर छीनने के लिए भारत से जंग लड़ रही है। लेकिन कश्मीर छीनना तो बहुत दूर की बात है, पाकिस्तान की सेना ने अपनी देश की आजादी और संप्रभुता को ही चीन के पैरों तले डाल दिया है।

आशंका तो बहुत पहले से थी कि चीन, पाकिस्तान के अंदर सैन्य विस्तार कर सकता है लेकिन ताजा रिपोर्ट्स से खुलासा हुआ है कि चीन के पैर पाकिस्तान के अंदर पड़ चुके हैं और कराची के अंदर चीन का सीक्रेट मिलिट्री बेस बन रहा है। पाकिस्तान वायस की इन्वेस्टिगेटिव रिपोर्टिंग में कहा गया है कि पाकिस्तान की संप्रभुता अब खतरे में है और कराची में चीन की सेना घुस आई है। रिपोर्ट में ये भी बताया गया है कि पाकिस्तान की सेना चीन के साथ डबल गेम भी खेल रही है।

पाकिस्तान वायस की इन्वेस्टिगेटिव रिपोर्टिंग के मुताबिक अप्रैल 2022 के बाद से चीन ने पाकिस्तान में काफी तेजी के साथ अपनी ताकत का विस्तार करना शुरू कर दिया है। इसमें कहा गया है कि चीन ने कराची के अंदर अपना कमांड सेंटर बना लिया है और कराची में ही एक हजार बेड का एक अस्पताल भी चीन ने बनवाया है।



### असद समर्थकों और एचटीएस सुरक्षाबलों के बीच जबरदस्त झड़प

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दमिश्क। सीरिया के अपदस्थ नेता बशर अल–असद के प्रति वफादार लड़ाकों ने सरकारी बलों पर घातक हमला किया। यह हमला विद्रोहियों द्वारा सत्ता पर कब्जा करने के बाद से सरकारी बलों के खिलाफ सबसे भीषण ेहसा में से एक है। सीरिया टीवी ने बताया कि तटीय क्षेत्र जाबलेह में हुई झड़पों में सुरक्षा बलों के कम–से–कम 15 सदस्य मारे गए। क्षेत्रीय सुरक्षा प्रमुख ने कहा कि असद समर्थक मिलिशिया द्वारा किए गए हमले में सुरक्षा बलों के कई सदस्य मारे गए और घायल हुए। इससे तटीय क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है। असद के दौर के एक कमांडर ने एक वीडियो जारी किया, जिसमें कहा गया कि नई सरकार के खिलाफ ष्कोस्टल शील्ड रेजिमेंटष् नामक एक प्रतिरोध समूह का गठन किया गया है।

## मुंबई हमले का दोषी तहव्वुर राणा की आखिरी कोशिश भी नाकाम

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

न्यूयार्क। मुंबई आतंकी हमलों के गुनहगार तहव्वुर राणा को एक बार फिर झटका लगा है। भारत में अपने प्रत्यर्पण के खिलाफ अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में दायर उसकी याचिका खारिज कर दी गई है।

राणा ने इस याचिका में दावा किया था कि चूंकि वह पाकिस्तानी मूल का मुसलमान है, इसलिए उसे वहां प्रताड़ित किया जाएगा। याचिका में राणा ने तर्क दिया कि भारत में मुकदमे का सामना करने के लिए उसके जिंदा बचे रहने की संभावना कम होगी। इसके लिए राणा ने अपनी गंभीर बीमारियों सहित कई कारकों का हवाला दिया। उसकी याचिका में विशेष रूप से उल्लेख किया गया था कि यदि

■अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की याचिका

उसके प्रत्यर्पण पर रोक नहीं लगाई जाती है तो फिर कोई समीक्षा नहीं हो पाएगी। राणा ने याचिका के गुण–दोष के आधार पर अपने प्रत्यर्पण और भारत के समक्ष आत्मसमर्पण पर रोक लगाने की मांग की थी।

याचिका में राणा ने दलील दी थी कि भारत में उसका प्रत्यर्पण अमेरिकी कानून और यातना के संदर्भ में संयुक्त राष्ट्र का भी उल्लंघन है। याचिका में कहा गया था कि यह मानने के लिए पर्याप्त आधार हैं कि यदि उसे भारत प्रत्यर्पित किया जाता है तो याचिकाकर्ता पर प्रताड़ना का खतरा होगा।

बता दें कि 64 वर्षीय राणा, पाकिस्तानी मूल का एक कनाडाई नागरिक है। वह वर्तमान में लास एंजिलिस के एक डिटेंशन सेंटर में बंद है। राणा पर आरोप है कि 26/11 हमले के सिलसिले में उसने अपने सहयोगी डेविड कोलमैन हेडली की मदद की थी। हेडली को दाऊद गिलानी के नाम से भी जाना जाता है। उसके पास अमेरिकी नागरिकता थी। उसकी मां अमेरिकी और पिता पाकिस्तानी थे। हेडली मुंबई हमलों के मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक है। अमेरिकी अधिकारियों ने उसे अक्टूबर, 2009 में गिरफ्तार किया था।

राष्ट्रपति ट्रंप ने पिछले महीने घोषणा की थी कि उनके प्रशासन ने 26/11 हमलों में भूमिका के लिए भारतीय जांच एजेंसियों द्वारा राणा के प्रत्यर्पण को भारत में न्याय का सामना करने के लिए मंजूरी दे दी है।

### फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों ने रूस को यूरोप के लिए खतरा बताया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मॉस्को। यूक्रेन और रूस को लेकर अमेरिका की नीति में बदलाव से यूरोपीय देशों में हड़कंप है। वे अपनी और यूक्रेन की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। ऐसे में फ्रांस यूरोप की सुरक्षा के लिए आगे आया है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने बुधवार को कहा कि रूस यूरोप के लिए खतरा है और उनका देश अपनी परमाणु सुरक्षा का विस्तार सहयोगियों तक कर सकता है। इस बयान पर रूस ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। रूस ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति को परमाणु धमकी देने पर चेतावनी दी और कहा कि धमकाएं नहीं। मॉस्को ने नाटो की शांति सेना यूक्रेन भेजने के यूरोपीय प्रस्ताव को भी खारिज कर दिया है। इधर, यूक्रेन के लिए अमेरिकी सहायता पर रोक लगने पर ईयू के नेताओं ने कहा कि वे यूक्रेन के साथ खड़ा रहेंगे और रक्षा पर और ज्यादा खर्च करेंगे।

# Page Three Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# राजभवन में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ वसंतोत्सव का भव्य आगाज

**प्रदर्शनी**

## 15 विभिन्न श्रेणियों में कुल 2231 प्रतिभागी रहे हिस्सा, 214 स्टॉल भी लगे

**संवाददाता**

देहरादून। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और विभिन्न फूलों की भव्य प्रदर्शनी के साथ ही राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने शुक्रवार को राजभवन में 'वसंतोत्सव–2025 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर डाक विभाग की ओर से इस वर्ष के लिए विशेष डाक आवरण के लिए चयनित औषधीय गुणों से भरपूर पौधे जटामांसी का विमोचन और डाक विभाग की टिकट प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया।

इस अवसर पर राज्यपाल ले.ज. गुरमीत सिंह (सेनि) ने कहा कि उत्तराखंड को प्रकृति और सांस्कृतिक विरासत का अनमोल उपहार प्राप्त है। यहां के पुष्प न केवल सौंदर्य और विशिष्टता में अद्वितीय हैं, बल्कि राज्य को 'पुष्प प्रदेश के रूप में स्थापित करने की असीम संभावनाएं भी रखते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में शहद, सुगंधित पौधों और फूलों के क्षेत्र में व्यापक संभावनाएं हैं, जो राज्य की आर्थिक समृद्धि और ग्रामीण विकास में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती हैं।

**एआई से की गई आगंतुकों की गणना**

वसंतोत्सव–2025 में पहली बार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित आगंतुक गणना और क्यूआर कोड फीडबैक सिस्टम जैसी नई पहल की गई हैं। तकनीकी विश्वविद्यालय और आईटीडीए के सहयोग से ये नवाचार किया गया।

इससे पूर्व आईएमए, पीएसी और होमगार्ड के जवानों ने बैंड की मधुर धुनों से समां बांध दिया। जौनसार से आए कलाकारों ने पारंपरिक हारूल नृत्य प्रस्तुत किया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। गोरखा राइफल्स के जवानों ने खुखरी नृत्य के माध्यम से अपनी अद्भुत शारीरिक और मानसिक शक्ति का प्रदर्शन किया। देव संस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार की छात्राओं ने योग प्रदर्शन के दौरान अद्भुत करतब दिखाए, निरामया योगम रिसर्च फाउंडेशन, हरिद्वार एवं उत्तरांचल आयुर्वेदिक कॉलेज, देहरादून द्वारा भरत नाट्यम आधारित योग नृत्य तथा शिव तांडव की मनमोहक प्रस्तुति की गई, जिसका निर्देशन योगाचार्य डॉ. उर्मिला पाण्डे ने किया। उत्तरांचल आयुर्वेदिक कॉलेज, देहरादून के रोहित कुमार 38वें राष्ट्रीय खेल के गोल्ड मेडलिस्ट की ओर से एकल आर्टिस्टिक योगा का भव्य प्रदर्शन किया गया। वहीं आईटीबीपी के जवानों ने कराटे का शानदार प्रदर्शन कर रोमांच पैदा किया।

राज्यपाल ने पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विभिन्न स्कूलों के बच्चों से मुलाकात की और उनके द्वारा बनाई जा रही पेंटिंग की प्रशंसा करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने वसंतोत्सव में लगी फूलों की भव्य प्रदर्शनी और विभिन्न स्टॉलों का भ्रमण कर उनके बारे में जानकारी ली। फूलों से सजे सेल्फी प्वाइंट को देखने के लिए लोगों में भारी उत्साह देखा गया और वहां फोटो खिंचवाने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी।

इस अवसर पर प्रथम महिला गुरमीत कौर, कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी, हंस फाउंडेशन के संस्थापक भोले जी महाराज, माता मंगला, सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, सचिव कृषि एवं कृषक कल्याण डॉ. एसएन पाण्डेय, महानिदेशक कृषि एवं उद्यान रणवीर चौहान, अपर सचिव राज्यपाल स्वाति एस. भदौरिया, निदेशक उद्यान दीप्ति सिंह आदि उपस्थित थे।

शुक्रवार को के आयोजन में कुल 15 श्रेणियों की 55 उप श्रेणियों में कुल 2231 प्रतिभागी प्रतिभाग कर रहे हैं। इसके अलावा विभिन्न संस्थानों, व्यक्तियों की ओर से कुल 214 स्टॉल लगाए गए हैं। बोनसाई श्रेणी में 17, टेरारियम श्रेणी में 02, हैंगिंग पॉट श्रेणी में 12, हाइड्रोपोनिक्स कल्टीवेशन श्रेणी में 05, पॉट्स फॉर गार्डनिंग 18, ऑन स्पॉट फोटोग्राफी में 42, शहद की श्रेणी में 53, फ्रेश पेटल रंगोली में 20 और पेंटिंग प्रतियोगिता में 1070 प्रतिभागियों द्वारा हिस्सा लिया गया है।

## न्यूज डायरी

### कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से बचाव पर 20 को आयोजित होगा प्रशिक्षण कार्यक्रम

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। जनपद में गठित आंतरिक परिवाद समिति एवं स्थानीय परिवाद समिति के अध्यक्षों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम विकास भवन सभागार में आयोजित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण महिला उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013 के तहत आयोजित किया जा रहा है। जिला विकास अधिकारी अनीता पंवार ने बताया कि उक्त कार्यक्रम का आयोजन 20 मार्च को प्रातः 10:30 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार किया जा रहा है जिसकी अध्यक्षता सचिव सिविल जज(सी.डि) द्वारा की जाएगी। इस कार्यक्रम में सभी संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य की गई है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से बचाव और निवारण से संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी प्रदान करना है। जिससे समिति के सदस्य मामलों के निस्तारण में अधिक दक्षता से कार्य कर सकें।

### पाटला तोक में शार्ट सर्किट होने से दो लोगों की हुई मृत्यु

**संवाददाता** चमोली। तहसील थराली अन्तर्गत ग्वालदम स्टेट के पाटला तोक में शार्ट सर्किट होने से दो लोगों की मृत्यु हो गयी। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि शुक्रवार को प्रातः 06 बजे करीब ग्वालदम स्टेट के पाटला तोक के आवासीय भवन में शार्ट सर्किट होने से आग लग गयी। मौके पर घर में पांच लोग मौजूद थे। आग से झुलसने से हरमा देवी उम्र 80 वर्ष पत्नी स्व नारायण सिंह व अंकिता गडिया उम्र 10 वर्ष पुत्री दिनेश गड़िया की मृत्यु हो गयी। वहीं अपनी माता और पुत्री को बचाने में दिनेश गडिया भी आंशिक रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घटना के तुरन्त बाद डीडीआरएफ की टीम को मौके पर रवाना किया गया। जिसके बाद आग पर काबू पा लिया गया।

### ओलंपिक पदक विजेता ललित उपाध्याय अपने घर ले आए अपनी एमजी विंडसर ईवी

**संवाददाता** देहरादून। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने भारतीय पुरुष हॉकी टीम के स्ट्राइकर और ओलंपिक पदक विजेता ललित उपाध्याय को एमजी विंडसर की डिलीवरी देकर सम्मानित किया। यह आयोजन भारत के खिलाड़ियों और उनकी खेल उपलब्धियों को सम्मानित करने की कंपनी की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इससे पहले, पिछले साल नवंबर में चंडीगढ़ में एक भव्य कार्यक्रम के दौरान, सभी ओलंपिक पदक विजेता एथलीटों को अभूतपूर्व एमजी विंडसर ईवी प्रदान की गई थी। विंडसर, जो लगातार पांच महीनों से भारत की सबसे अधिक बिकने वाली ईवी रही है, ने भारत में ईवी सेगमेंट की समग्र वृद्धि में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

# महिलाओं के उत्थान व कुपोषण दूर करने के प्रस्ताव बनाने के निर्देश

**संवाददाता** चमोली। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने शुक्रवार को पंचायती राज, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास, लघु सिंचाई, सिंचाई खण्ड थराली व चमोली को जिला योजना में अवमुक्त धनराशि और आगामी जिला योजना के प्रस्तावों को लेकर समीक्षा बैठक ली।



जिलाधिकारी ने सभी विभागों को सुरक्षा कार्यो एवं ऐसी योजनाओं के प्रस्ताव लाने के निर्देश दिए जिससे बड़ी आबादी का फायदा पहुंचे। उन्होंने सिंचाई विभाग को पपियाणा नाले का बजट की प्रत्याशा में ट्रीटमेंट की कार्यवाही शुरू करने तथा मायापुर नाले का खनन निधि में प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। महिला एवं बाल विकास को महिलाओं के उत्थान व कुपोषण दूर करने संबंधी कार्यो के प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए।

अर्थ एवं संख्या अधिकारी विनय जोशी ने बताया कि जिला योजना में अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष बाल विकास व पंचायती राज ने शत प्रतिशत, लघु सिंचाई 77.65, सिंचाई खण्ड चमोली 96.97 तथा सिंचाई खण्ड थराली 82 प्रतिशत व्यय कर लिया है। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी नन्दन कुमार सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।




## डीएम ने की बीएसएनएल द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा

**संवाददाता** चमोली। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने शुक्रवार को चमोली जनपद के दूरस्थ क्षेत्रों में संचार सेवा विस्तार के लिए बीएसएनएल द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। दूरस्थ क्षेत्रों में पुअर नेटवर्क कनेक्टिविटी को लेकर उन्होंने अधिकारियों को जनता की भावनाओं के अनुरूप तेजी से कार्य पूर्ण करने व नेटवर्क कनेक्टिविटी सुधारने के निर्देश दिए। साथ ही तहसील एवं विभागीय अधिकारियों से समन्वय बनाकर विभिन्न स्तरों पर लंबित प्रकरणों का तत्काल निस्तारण करने और संचार विहीन क्षेत्रों को नेटवर्क सुविधा से आच्छादित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बीएसएनएल के अधिकारियों को द्रोणागिरी साइट का विजिट करने के निर्देश दिए।

# ग्रामीण महिलाएं दिल्ली में लेंगी विशेष प्रशिक्षण, आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ा कदम

**संवाददाता**

**महिलाओं को भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान प्रशिक्षण के लिए भेजा**

रुद्रप्रयाग। ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से रुद्रप्रयाग जिले के तीनों विकासखंडों की महिलाओं को भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, दिल्ली में विशेष प्रशिक्षण के लिए भेजा गया। इस दल को केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। महिलाओं का यह दल 7 मार्च से 10 मार्च तक भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, दिल्ली प्रशिक्षण लेगा।

ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत आयोजित चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। दिल्ली से लौटने के बाद ये महिलाएं अन्य ग्रामीण महिलाओं को भी प्रशिक्षण देंगी, जिससे वे भी नए कौशल सीखकर आर्थिक रूप से सशक्त हो सकेंगी।

इस अवसर पर विधायक श्रीमती आशा नौटियाल ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को स्वावलंबी बनाना है। उन्होंने कहा, "सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस मिशन से महिलाओं को न केवल रोजगार के नए अवसर मिलेंगे, बल्कि वे अपनी आजीविका को भी सुदृढ़ कर सकेंगी। यह कदम उनके सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।"प्रशिक्षण के बाद, महिलाएं अपने–अपने गांवों में अन्य महिलाओं को भी प्रशिक्षित करेंगी, जिससे वे खुद का व्यवसाय शुरू कर सकेंगी। इससे महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी और उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। सरकार द्वारा इस तरह के प्रयासों से महिलाओं को न केवल आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनने का अवसर मिलेगा, बल्कि समाज में उनकी भूमिका भी और अधिक सशक्त होगी। इस पहल से ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी और वे भी आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर होंगी।

दिल्ली में प्रशिक्षण के लिए जाने वाली महिलाओं ने इस अवसर पर खुशी जताई और कहा कि यह उनके लिए एक बड़ा अवसर है।

## एमेजॉन इंडिया महिलाओं को बना रहा है सशक्त

**संवाददाता** देहरादून। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 के अवसर पर एमेजॉन इंडिया ने 'एमेजॉन एलिवेटहर 2025' का आयोजन किया। यह पहल मेंटरशिप और करियर डेवलपमेंट के अवसरों द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए शुरू की गई है। इस साल अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की वैश्विक थीम के अनुसार बैंगलोर में एक ईवेंट 'एक्सेलरेट एक्शन' का आयोजन किया गया, जिसमें एमेजॉन के लीडर्स और महत्वाकांक्षी प्रोफेशनल्स ने मेंटरशिप, सहयोग और स्पॉन्सरशिप पर ज्ञानवर्धक बातचीत की। एलिवेटहर 2025 से लैंगिक समानता की ओर एमेजॉन की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है, जो महिलाओं को अपनी पूरी क्षमता का विकास करने के लिए आवश्यक टूल्स और संसाधन प्रदान करने के लिए समर्पित है।

*अपने मिशन में सफल होने के लिए आपको अपने लक्ष्य के प्रति एक चित भाव से समर्पित होना पड़ेगा। -अज्ञात*



विचार-प्रवाह देहरादून, शनिवार, 8 मार्च 2025

पेज थ्री
www.page3news.in

# बात सही, तरीका गलत

**दोनों पक्षों के स्टैंड पर गौर करें तो उसमें ऐसी कोई बात नहीं दिखती जिसे सिरे से गलत कहा जाए। रूस–यूक्रेन युद्ध को तीन साल से ज्यादा हो चुके हैं। अमेरिका इस युद्ध में लगातार यूक्रेन के साथ खड़ा रहा है। अब अगर उसे लगता है कि अपने देश के करदाताओं का पैसा इस लड़ाई में नहीं झोंका जाना चाहिए।**

राधा यादव।।

वाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप और यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की के बीच शुक्रवार को जिस तरह की तीखी नोकझोंक देखने को मिली, उसे कूटनीति के इतिहास में अभूतपूर्व कहा जा सकता है। लाइव टीवी कवरेज के जरिए पूरी दुनिया ने पहली बार देखा कि दो राष्ट्राध्यक्ष अपनी टीम के साथ एक–दूसरे से तू–तू मैं–मैं कर रहे हैं।

वैसे, दोनों पक्षों के स्टैंड पर गौर करें तो उसमें ऐसी कोई बात नहीं दिखती जिसे सिरे से गलत कहा जाए। रूस–यूक्रेन युद्ध को तीन साल से ज्यादा हो चुके हैं। अमेरिका इस युद्ध में लगातार यूक्रेन के साथ खड़ा रहा है। अब अगर उसे लगता है कि अपने देश के करदाताओं का पैसा इस लड़ाई में नहीं झोंका जाना चाहिए, तो इसमें कुछ भी असंगत नहीं है। इस लिहाज से उसकी यह कोशिश जायज है कि यह लड़ाई जल्द से जल्द बंद हो।



दूसरी तरफ, यूक्रेन यह सुनिश्चित करना चाहता है कि युद्धविराम के बाद रूस फिर से हमला न कर बैठे। कारण चाहे जो भी हों, उसकी यह शिकायत तथ्यात्मक रूप से सही है कि रूस अलग–अलग बहानों से उस पर हमले करता रहा है, सहमतियां तोड़ता रहा है। ऐसे में जहां अमेरिका पहले समझौता और युद्धविराम पर जोर दे रहा था, वहीं यूक्रेन पहले सुरक्षा गारंटी चाहता था। दो देशों के बीच सहमति बनने से पहले इस तरह का गतिरोध आना कोई नई या अस्वाभाविक बात नहीं है। नई बात यह हुई कि इन मतभेदों पर चर्चा मीडिया के सामने शुरू हो गई। चूंकि बातचीत वाइट हाउस में हो रही थी, इसलिए स्वाभाविक ही इसकी जिम्मेदारी अमेरिका पर आ जाती है। राष्ट्रपति ट्रंप ने खुद भी उसी समय इस पूरी नोकझोंक को 'ग्रेट टेलिविजन' करार दिया।

मकसद चाहे जो भी रहा हो, इस पूरे प्रकरण से दोनों में से कोई भी पक्ष फायदे में नहीं दिख रहा। अमेरिका जो समझौता यूक्रेन के साथ करना चाहता था, वह टल गया। यूक्रेन को भले ही यूरोप का साथ मिलता दिख रहा है, अमेरिकी समर्थन के बगैर उसका इस युद्ध में टिकना मुश्किल है। ऐसे में बहुत संभव है कि देर–सबेर दोनों फिर बातचीत की टेबल पर आएं। बेहतर होगा कि इंतजार में ज्यादा वक्त और जिंदगियां न बर्बाद की जाएं।

## तेजस्वी

धर्म-दर्शन

**अशोक वोहरा।** पारे से शिवलिंग बनाया जाय तो अपने आप में अद्भुत तेजस्वी तथा वर–दायक शिवलिंग बनता है। सही अर्थो में ऐसे शिवलिंग को ही पारदेश्वर शिवलिंग कहा जाता है। जहां पारद शिवलिंग होता है वहां केवल मात्र पारदेश्वर शिवलिंग ही नहीं होता अपितु भगवती लक्ष्मी, अन्नपूर्णा, कुबेर भी साथ में स्थापित हो जाते है। ऐसे घर में लक्ष्मी पूर्ण रूप से चौतन्य होकर स्थापित हो जाती है और धन, धान्य, भूमि, भवन, कीर्ति, यश, दीर्घायु, पुत्र, पौत्र, वाहन और सम्पूण सिदि्घयों के साथ लक्ष्मी का निवास उसके घर में होता है। स्वयं भगवान शिव कहते है...'पारदेश्वर स्थापित्यं लक्ष्मी सिदि्घ तद्गृहें।' 'धनं धान्यं धरा पौत्रं पूर्ण सौभाग्य वै नररू अर्थात जिसके घर में आठों संस्कारों से युक्त पारद से निर्मित पारदेश्वर शिवलिंग स्थापित होता है वहां मेरे साथ–साथ कुबेर, विष्णु, लक्ष्मी, सौभाग्य अवश्य मिलता है।

# संपादकीय

## आस्था और आध्यात्म

महाकुंभ का संपूर्ण मानवता को स्पष्ट संदेश है कि आस्था और आध्यात्म में कोई भेद नहीं होता। यहां कोई भी जाति या वर्ग का भेद नहीं होता। यहां राजा हो या रंक, साधु हो या गृहस्थ सब मां गंगा की गोद में पुण्य अर्जित करने आते है। यह समरसता ही कुंभ की सबसे बड़ी विशेषता है। प्रयागराज का कण–कण अलौकिकता का स्मरण कराता है। त्रिवेणी स्नान के दौरान जो शान्ति और दिव्यता का अनुभव होता है उसे शब्दों में व्यक्त करना असंभव है। महाकुंभ में स्नान केवल धार्मिक कार्य मात्र नहीं है, बल्कि आत्मशुद्धि की प्रक्रिया है। महाकुंभ में आकर यह अनुभव होता है कि सनातन धर्म केवल पूजा पद्धति नहीं बल्कि जीवन जीने की एक महान परंपरा है। साधु संतो के प्रवचन मंत्रों की ध्वनि अखाड़ों की भव्यता और गंगा आरती का सौन्दर्य मन में ईश्वरीय अनुभूति कराता है। मेरे लिए वे असीम शांति और गौरव के पल थे जब मैंने पुण्य भूमि प्रयागराज स्थित त्रिवेणी संगम में स्नान कर मां गंगा की पूजा–अर्चना कर अपनी आस्ध्था प्रकट की। किसी भी श्रद्धालु की तरह मेरे लिए भी यह असीम आनंद के क्षण थे। गंगा तटों पर गूंजती मंत्रध्वनियां, हवनकुडों से उठती धूप की सुवास आयोजन को दिव्यता प्रदान करती है। मैंने अनुभव किया कि गंगा मैया में लगाई गई हर डुबकी एक अलौकिक आनंद की अनुभूति करवाती हैं। आत्मा निर्मल होकर परमतत्व से साक्षात्कार करती है। इसी साक्षात्कार के उपरांत यह कह सकता हूं कि 2025 का प्रयागराज महाकुंभ एक आयोजन ही नहीं अपितु सनातन की जीवंत धरोहर बनकर प्रकट हुआ है।

इस संकल्पना के लिए पीएम मोदी और योगी आदित्यनाथ का नेतृत्व स्तुत्य और स्मरणीय है। धर्म के प्रति निष्ठा और समर्पण के इस अद्भुत आयोजन ने ऐसा संगम रचा जो कल्पनातीत है।

# साकार हुई मोदी–योगी की संकल्पना

सुरेश पचौरी।।

'माघे मासे गंगे स्नानं यः कुरुते नररू ।'
'युगकोटिसहस्राणि तिष्ठंति पितृदेवताः।।'

स्कंद पुराण में उल्लेख है कि माघ मास में गंगा में स्नान करने वाले व्यक्ति के पितर युगों–युगों तक स्वर्ग में वास करते हैं। कितना ही बिरला अवसर है कि प्रयागराज में संगम किनारे श्रद्धा का महाकुंभ आयोजित हुआ और सनातनियों ने आस्था की डुबकी लगाई। यूं तो यह आयोजन सदियों से चला आ रहा है लेकिन इस वर्ष इस आस्था को सम्मान देने में भाजपा की सरकारों का अथक योगदान भी रहा है। महाकुंभ जैसे महाआयोजन में करोड़ों श्रद्धालुओं का सुचारू रूप से प्रबंधन एक चुनौतीपूर्ण कार्य था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने जिस कुशलता से इस वृहत्तर दायित्व को संभाला है वह वर्षों तक सराहना के साथ याद किया जाएगा। इस संकल्पना के लिए पीएम मोदी और योगी आदित्यनाथ का नेतृत्व स्तुत्य और स्मरणीय है। धर्म के प्रति निष्ठा और समर्पण के इस अद्भुत आयोजन ने ऐसा संगम रचा जो कल्पनातीत है।

सुरक्षा, सुविधाएं और सुगमता प्रदान करने के जतन के साथ ही साथ इस आयोजन को पर्यावरण अनुकूल बनाने के विशेष प्रयास हुए यह स्तुत्य है। इन प्रयासों ने महाकुंभ को केवल



धार्मिक नहीं बल्कि सामाजिक एवं पर्यावरणीय सरोकरों के प्रति चेतना का संदेश भी दिया। हमारी भारतीय सनातन संस्कृति और परंपरा में कुंभ पर्व सहस्राब्दियों से श्रद्धा, आस्था और ज्ञान की साधना का पर्व रहा है। भगवान आदि शंकराचार्य ने भारतीय जनमानस में धर्म की भावना जगाने और संस्कृति की चेतना मजबूत करने के लिए देश के चार कोनों पर चार मठ बनाये। आदि शंकराचार्य जी ने देश की चार प्रमुख नदियों गंगा, यमुना, क्षिप्रा व गोदावरी के तट पर चार शहरों प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में चार कुंभ–मेलों के आयोजन की रूपरेखा रची। कुंभपर्व का आधार खगोलीय घटना है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से ग्रहों की गति और उनके मानव शरीर पर पड़ने वाले प्रभावों का आकलन कर कुंभ मेलों के आयोजन की तिथियां और स्थान तय होते है। 12 साल के अंतराल से सूर्य और गुरू की राशि विशेष में स्थिति कुंभ पर्व का समय और स्थल निर्धारित करते है।

गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरित मानस में उल्लेख किया है '" माघ मकरगत रवि जब होई। तीरथ पतिहि आव सब कोई''' अर्थात् मकरराशि में सूर्य एवं वृषभ राशि में गुरू का प्रवेश होता है तब तीर्थ राज प्रयाग में कुंभ पर्व आयोजित होता है। कुंभ को लेकर पौराणिक आधार भी है। देवताओं और दानवों ने समुद्रमंथन किया। इस मंथन में अमृत निकला। अमृत के बंटवारे की छीना छपटी में अमृत कलश से कुछ बूंदे छलकी। ये अमृत बूंदे प्रयाग, हरिद्वार, नासिक और उज्जैन में गिरीं। इन शहरों के पास से बहने वाली नदियां गंगा, यमुना, गोदावरी, एवं क्षिप्रा अमृतमयी हो गई। इन्ही स्थलों पर कुंभपर्व आयोजित किया जाता है।

इस दिव्यता को मोदी के कथन में भी अनुभूत किया जा सकता है। प्रयागराज में गंगा स्नान के उपरांत यशस्वी एवं तपस्वी प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा था, ष्प्रयागराज में महाकुंभ में आकर धन्य हो गया। संगम पर स्नान एक दिव्य जुड़ाव का क्षण है और इसमें भाग लेने वाले करोड़ों अन्य लोगों की तरह मैं भी भक्ति की भावना से भर गया। मां गंगा सभी को शांति, ज्ञान, अच्छे स्वास्थ्य और सद्भाव का आशीर्वाद दें। महाकुंभ के भव्य दृश्यों ने हमें हतप्रभ किया है और अपनी संस्कृति और धार्मिक मान्यताओं के प्रति गहन आस्था और गौरव से भर दिया है।

### सूडोकु बवाल-5265

★★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | 3 | 1 | | | 8 | |
| 3 | 6 | | 2 | | 7 | | 9 | |
| | | 7 | | | 6 | | 2 | 1 |
| | 7 | | 1 | | | | | |
| 1 | 3 | | | 4 | | | 7 | 2 |
| | | | | | 5 | | 4 | |
| 6 | 2 | | 4 | | | 9 | | |
| | 5 | | 6 | | 9 | | 1 | 8 |
| | 1 | | | 5 | 3 | | 6 | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.


सूडोकु बवाल -5264 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 9 | 3 | 4 | 5 | 7 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 1 | 3 | 9 |
| 5 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 2 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 4 | 6 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 9 | 3 | 5 | 8 | 2 | 4 |
| 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 3 |

## अपना ब्लॉग

### नदियों का महत्व

**मोहन।** कुंभ पर्व नदियों के महत्व का महापर्व है। यह विविधता में एकता प्रदर्शित करने में केन्द्रीय भूमिका निभाता है। कुंभ पर्व 'वसुधैव कुटंबकम' की भावना को साकार करता है। यह आयोजन सर्वसमावेशी संस्कृति एवं भारतीय चिंतन की वैज्ञानिकता का प्रतीक है। कुंभ महापर्व हमें आत्मशुद्धि, परोपकार एवं सामाजिक सद्भाव का संदेश देता है। महाकुंभ के माध्यम से भारतीय संस्कृति और भारतीय जीवन दर्शन को वैश्विक पहचान मिली है। कुंभ पर्व भारतीय संस्कृति की गहराई, सहिष्णुता और एकता का अद्भुत संगम है। यह पर्व केवल स्नान का पर्व नही है बल्कि जीवन के गूढ़ रहस्यों को जानने आत्मचिंतन करने और मानवता के प्रति समर्पण व्यक्त करने का अवसर है। भारतीय सनातन परंपरा में यह आयोजन अनूठी आस्था, संस्कृति और दर्शन का सदियों से परिचायक रहा है और आगे भी रहेगा। इस वर्ष 2025 में प्रयागराज में आयोजित कुंभ अपने आयोजन के आरंभ से ही अद्भुत दृश्घ्य प्रस्घ्तुत करता रहा है। मकरसंक्रांति से महाशिवरात्रि तक लगभग 45 दिन चलने वाले कुंभ महापर्व की छटा ही निराली रही है। प्रतिदिन औसतन 1.5 करोड़ लोग कुंभ में गंगा स्नान के लिए प्रयागराज पहुंचे हैं।





## अक्षय और रेखा की नजदीकियों से रवीना टंडन हो गई थीं परेशान

अक्षय कुमार अपनी प्रफेशनल लाइफ के साथ–साथ अपने अफेयर्स को लेकर भी खूब चर्चा में रहे हैं। यूं तो उनका नाम कई एक्ट्रेसेस के साथ जुड़ा लेकिन सबसे अधिक हैरान किया रेखा संग अफेयर की खबरों ने किया। फिल्म की शूटिंग के दौरान अक्षय कुमार और रेखा की नजदीकियों की खबरों ने सुनने वालों के होश उड़ा दिए थे। बता दें कि फिल्म में दोनों के कई रोमांटिक सीन भी दिखे। उन दिनों अक्षय कुमार रवीना टंडन को डेट कर रहे थे। साल 1994 में आई फिल्म मोहरा के दौरान दोनों करीब आ गए थे। फिल्मी पर्दे पर पसंद की गई इस जोड़ी को लोगों ने रियल लाइफ में भी खूब साथ देखा। दोनों ने फिल्म खिलाड़ियों का खिलाड़ीश साइन की जिसमें रेखा की एंट्री के बाद चीजें अजीब होने लगी। अक्षय और रेखा के जो भी क्लोज सीन थे दोनों ने बड़ी ही खूबसूरती से फिल्माया। रिपोर्ट्स की मानें तो रेखा अक्षय के लिए इस कदर दीवानी हो गई थीं कि वो घर से उनके लिए खाना बनाकर लाने लगी थीं। ऐसा कहा जाने लगा के रेखा ये सब इसलिए कर रहीं ताकि वो अक्षय के साथ ज्यादा वक्त बिता सकें। अक्षय और रेखा की बढ़ती नजदीकियां अब रवीना को खटकने लगी। कहते हैं कि एक बार रवीना ने अक्षय और रेखा को काफी करीब देख लिया था जिसके और तभी उन्होंने उन्हें चेतावनी देने का फैसला किया था। चर्चा ऐसी भी रही है कि रवीना ने रेखा को अक्षय से दूर रहने की हिदायत तक दे दी थी।

## नयनतारा की फैंस से गुजारिश, नहीं कहलाना चाहती हैं लेडी सुपरस्टार

साउथ एक्ट्रेस नयनतारा को फैंस प्यार से लेडी सुपरस्टार बुलाते हैं। उन्हें फैंस से ये टाइटल मिला है। लेकिन अब एक्ट्रेस ने सभी से उन्हें सिर्फ नयनतारा कहने की ही गुजारिश की है। उन्होंने इसके पीछे की वजह का भी खुलासा किया है। साथ ही फैंस को अटूट समर्थन के लिए धन्यवाद दिया है। आइये जानते हैं कि उन्होंने अपने नाम से लेडी सुपरस्टार का टाइटल क्यों हटाने का अनुरोध किया है। नयनतारा ने हाल ही में एक्स पर एक नोट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने सभी से गुजारिश की है कि वे उन्हें लेडी सुपरस्टार कहने से बचें और इसकी बजाय उन्हें सिर्फ नयनतारा कहकर संबोधित करें। उन्होंने फैंस और मीडिया से रिक्वेस्ट की है कि वे उन्हें लेडी सुपरस्टार कहने से बचें। साथ ही की साल से उन्हें मिल रहे प्यार और पहचान के लिए भी आभार व्यक्त किया है। जवान एक्ट्रेस ने बताया कि उनके लिए नयनतारा नाम व्यक्तिगत महत्व रखता है, जो उनके पॉपुलैरिटी और पहचान से परे उनकी एक सच्ची इंडिविजुएलिटी है।

## अल्लू अर्जुन ने नहीं किया सलमान खान को रिप्लेस



क्या अल्लू अर्जुन ने सलमान खान को एटली की फिल्म में रिप्लेस किया? क्या सलमान खान और एटली की फिल्म डिब्बाबंद हो गई? ये कुछ ऐसे सवाल हैं, जिनको लेकर बीते कुछ महीनों से लगातार चर्चा चल रही है। जवान की ब्लॉकबस्टर सक्सेस के बाद से ही डायरेक्टर एटली कुमार की अगली फिल्म का हर किसी को इंतजार है। यह बेसब्री तब और बढ़ गई, जब खबर आई कि एटली की अगली फिल्म में सलमान खान होंगे। इसे तत्काल ए6 नाम दिया गया। यह मेगा बजट दो हीरो वाली फिल्म है, जिसके निर्माता सन पिक्चर्स हैं। फिल्म के लिए रजनीकांत और कमल हासन को अप्रोच किया गया। फिर खबर आई कि फिल्म को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। जबकि इसके बाद चर्चा उड़ी कि अल्लू अर्जुन ने सलमान को इस फिल्म में रिप्लेस कर दिया है। लेकिन अब इस पूरे मामले की अलग ही कहानी सामने आई है! सलमान खान के साथ एटली की |6 डिब्बाबंद नहीं हुई है। बल्कि इसे अभी होल्ड पर रखा गया है। दरअसल, यह हमेशा से ही दो हीरो वाली फिल्म थी। इसके लिए सन पिक्चर्स ने 650 करोड़ रुपये का महाबजट तैयार किया है। सलमान खान ने फिल्म के लिए हामी भर दी थी, लेकिन एटली और सन पिक्चर्स को भरोसा था कि वे कमल हासन या रजनीकांत में से किसी एक को फिल्म में शामिल करेंगे।

# सिंपल कौल ने एक्टर विभु राघव के लिए मांगी आर्थिक मदद

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)




*निशा और उसके कजन्स में नजर आए एक्टर विभु राघव पिछले तीन साल से कोलोन कैंसर से जूझ रहे हैं। वह कोलोन के न्यूरोएंडोक्राइन कैंसर के चौथे स्टेज पर हैं। विभु राघव का तीन साल से कैंसर का इलाज चल रहा है, लेकिन ट्रीटमेंट इतना महंगा कि बहुत मुश्किल आ रही है। ऐसे में एक्ट्रेस सिंपल कौल ने विभु राघव के लिए गुहार लगाई है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लोगों से अपने कैंसर पीड़ित दोस्त के लिए आर्थिक मदद मांगी है।*

**मदद के साथ दुआओं की भी जरूरत**

सिंपल कौल ने बताया कि विभु राघव के कैंसर के इलाज का खर्च बढ़ता ही जा रहा है, और काफी महंगा है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अस्पताल से विभु राघव की तस्वीर शेयर की। साथ में लिखा, सभी को हैलो, एक बार फिर हम अपने दोस्त विभु राघव के कैंसर के इलाज के लिए फंड जुटा रहे हैं। हमारे मित्र को चौथे स्टेज का कोलोन कैंसर है और उसे इलाज के लिए मदद के साथ–साथ आपकी दुआओं की भी जरूरत है।

**सिंपल कौल ने बताया पैसों की आ रही कमी, इलाज महंगा**

एक्ट्रेस ने आगे लिखा है, हमारे पास पैसों की तंगी है। उनका इलाज टाटा मेमोरियल अस्पताल में चल रहा है। केटो लिंक हमारी कहानी और बायो में है। किसी भी तरह की मदद से उनके ठीक होने में काफी हेल्प मिलेगी। आप सभी का शुक्रिया और उन्हें अपनी दुआओं में याद रखें।





**विभु राघव के शरीर में फैल चुका है कैंसर**

इससे पहले विभु राघव के कुछ दोस्तों और शुभचिंतकों ने उनके इलाज के लिए फंड इकट्ठा किया था, लेकिन अभी तक के ट्रीटमेंट में वह सब खर्च हो चुका है। अब आगे के इलाज के लिए अधिक रुपये चाहिए। इसी साल जनवरी में विभु राघव ने अस्पताल से अपना वीडियो शेयर किया था। तब उनकी कीमोथैरेपी की दूसरी साइकिल चल रही थी। वीडियो में विभु ने बताया था कि कैंसर अब उनके लिवर, स्पाइन, हड्डियों और फेफड़ों तक फैल चुका है।

**बुरी तरह डर गए विभु राघव**

विभु राघव को बड़ा धक्का लगा था, पर उन्होंने हौसला टूटने नहीं दिया। एक्टर ने वीडियो में बताया था कि यह जानकर वह कई दिनों तक बुरी तरह डरे रहे कि कैंसर शरीर में फैल गया है। अब सिर्फ कीमोथैरेपी ही एकमात्र रास्ता बचा है। एक्टर ने बताया था कि कीमो से कैंसर फैलने से रुकेगा और श्रिंक हो जाएगा।

# अमीषा पटेल को शॉर्ट्स और वेस्टर्न कपड़े नहीं पहनने देते संजय दत्त

*क्या आप जानते हैं कि संजय दत्त के घर पर अमीषा पटेल को शॉर्ट्स पहनने की परमिशन नहीं है? अमीषा जब भी संजू बाबा के घर जाती हैं, तो वह उन्हें शॉर्ट्स नहीं पहनने देते। यह खुलासा खुद एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू में किया है।*



संजय दत्त, अमीषा पटेल को लेकर काफी प्रोटेक्टिव हैं। एक इंटरव्यू में अमीषा ने पहले बताया था कि संजय दत्त उनका कन्यादान करना चाहते हैं। वह सोचते हैं कि अमीषा बॉलीवुड के लिए बहुत ही मासूम हैं।

**सलवार-कमीज में जाती हूं**

अमीषा ने अब हाल ही में संजय दत्त संग अपनी दोस्ती पर बात की। उन्होंने बताया कि एक्टर उन्हें लेकर काफी पजेसिव हैं, और उनके घर जाने पर शॉर्ट्स और वेस्टर्न कपड़ने नहीं पहनने देते। वह सिर्फ सलवार–कमीज ही पहन सकती हैं।

**अमीषा ने बताया संजय दत्त क्यों नहीं पहनने देते शॉर्ट्स**

अमीषा पटेल ने अपनी पुरानी तस्वीरों के बारे में बात करते हुए कहा, श्तो ये फोटो संजू के घर उनके साथ की है। मेरे बर्थडे पर। वह बहुत ही प्रोटेक्टिव और पजेसिव हैं। जब मैं उनके घर जाती हूं तो मुझे शॉर्ट्स या वेस्टर्न कपड़े पहनने की इजाजत नहीं होती। मुझे सलवार–कमीज पहनना पड़ते हैं।

**संजू मेरा बहुत ध्यान रखते हैं**

एक्ट्रेस ने आगे कहा, संजू एकमात्र व्यक्ति हैं जो कहते हैं कि तुम इस फिल्म इंडस्ट्री में रहने के लिए बहुत मासूम हो। मैं तुम्हारे लिए दूल्हा ढूंढूंगा। तुम्हारी शादी करवाऊंगा और तुम्हारा कन्यादान करूंगा। वह बहुत प्रोटेक्टिव हैं और मुझे बहुत प्यार करते हैं। हमेशा मेरी भलाई का ध्यान रखते हैं। वह हमेशा पूछते हैं कि क्या मैं ठीक हूं। यह मेरे बर्थडे की बात है, जो संजू के घर पर मनाया था। एक प्राइवेट पार्टी थी, जिसमें मैंने केक काटा था।

**अमीषा पटेल और संजय दत्त की फिल्में**

इस तस्वीर को अमीषा पटेल ने कुछ साल पहले अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया था। दोनों ने तथास्तु और चतुर सिंह टू स्टार जैसी फिल्मों में साथ काम किया है। अमीषा के प्रोजेक्ट्स की बात करें, तो वह साल 2023 में गदर 2 में नजर आई थीं। वहीं संजय दत्त अब नई फिल्म द भूतनी में नजर आएंगे।

# शरीर के साथ मस्तिष्क को बनाना चाहते हैं सेहतमंद?

*अधिकतर लोग फिटनेस और हेल्थ पर ध्यान नहीं देते हैं और जो देते भी हैं, उनमें से अधिकतर केवल अपने शरीर पर ध्यान देते हैं। लेकिन एक स्वस्थ दिमाग के बिना पूरी तरह फिट व हेल्दी नहीं बना जा सकता है। आपका मस्तिष्क पूरी बॉडी को चलाता है और इसका स्वास्थ्य इग्नोर करने से मानसिक समस्याएं पैदा हो सकते हैं।*



बेहतर मानसिक स्वास्थ्य के लिए इंस्टेंट उपाय या फैड डाइट जैसी कोई चीज नहीं है। भावनात्मक और मानसिक खुशहाली के लिए न्यूट्रिशनल सायकाइट्रिस्ट डॉ. उमा नायडू ने 5 उपाय बताए हैं। ये हार्वर्ड हेल्थ पब्लिशिंग के एडिटोरियल एडवाइजरी बोर्ड मेंबर का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि मेंटल हेल्थ के मामले में इन 5 टिप्स का कोई मुकाबला नहीं है।

**पर्याप्त नींद**
डॉक्टर का कहना है कि नींद हमारे मस्तिष्क के लिए एक तरीके की सफाई है। अब ब्रेन हेल्थ, मूड और एनर्जी का लेवल सही रखने के लिए रात में अच्छी नींद लेना बेहद महत्वपूर्ण माना जाने लगा है। इसे नजरअंदाज करने की गलती ना करें।

**साबुत फूड की डाइट**
डॉक्टर उमा नायडू का कहना है कि एक अच्छी मेंटल हेल्थ हेल्दी खाने के बिना नहीं मिल सकती है। इसके लिए 80:20 डाइट का नियम फॉलो करें, जिसमें 80 प्रतिशत आहार पोषक तत्वों से भरपूर साबुत फूड होने चाहिए, जो गट हेल्थ के लिए जरूरी हैं।

**हाइड्रेशन**
हेल्दी ब्रेन के लिए हाइड्रेशन बहुत आवश्यक है। डॉक्टर ने एक दिन में लगभग 10 कप पानी पीने की सलाह दी है। जो लोग ज्यादा फिजिकल एक्टिव रहते हैं या सॉना आदि लेते हैं, तो इससे भी अधिक पानी पीएं।

**रेगुलर फिजिकल एक्टिविटी**
नियमित फिजिकल एक्टिविटी से शरीर और दिमाग हेल्दी होता है। एक्सरसाइज के दौरान एंडोर्फिन निकलता है जो मूड के लिए अच्छा होता है। अध्ययनों से पता चलता है कि व्यायाम करने से पूरे दिन ध्यान केंद्रित करने और ऊर्जावान रहने में मदद मिलती है।

**सोशल कनेक्शन**
अकेलापन कई सारी मानसिक स्वास्थ्य का कारण बन सकता है। क्योंकि मनुष्य को खुशहाली के लिए सोशल कनेक्शन और पॉजीटिव रिलेशन की आवश्यकता होती है। मेंटल फिटनेस के लिए एक सपोर्टिव और प्यारी कम्युनिटी होना जरूरी है।

# बदलते मौसम में थाली में जरूर रखें ये सुपरफूड्स

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*बदलते मौसम के दौरान सेहत का अधिक ख्याल रखना जरूरी हो जाता है, क्योंकि इस मौसम में फ्लू होने का खतरा बढ़ जाता है। खासकर, कमजोर इम्यूनिटी वालों को। हम आपको कुछ ऐसे फूड्स बताने जा रहे हैं, जो आपके इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने का काम करेंगे, जिससे आप बीमारियों और इंफेक्शन से बचे रहेंगे।*

**मौसमी बीमारियों से बचाते हैं ये सुपरफूड्स**
बदलते मौसम में न केवल कमजोर इम्यूनिटी बल्कि कमजोर पाचन वालों को भी परेशानियां होती हैं। ऐसे में ये फूड्स आपको फ्लू और पाचन संबंधी परेशानियों से बचाने में मदद करेंगे। साथ ही सेहत को तंदरुस्त भी बनाएंगे।

**खट्टे फल**
खट्टे फल विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट्स का अच्छा सोर्स होते हैं, जो इम्यूनिटी को बूस्ट करने में मददगार होते हैं। यूनिवर्सिटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, अधिकतरखट्टे फल जैसे संतरे,अंगूर,कीनू,नींबू और लाइम्स में विटामिन सी की उच्च मात्रा होती है,जो आपके व्हाइट ब्लड सेल्स को बढ़ाकर संक्रमण से लड़ने में मदद करती है।

**बेरीज**
पोषक तत्वों से भरपूर बेरीज भी इम्यूनिटी को बूस्ट करती है। इसमें विटामिन सी, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो प्रतिरक्षा स्वास्थ्य का समर्थन करते हैं।



**अदरक**
अदरक की चाय या पानी का आप रोजाना सेवन करके अपनी सेहत को तंदरुस्त बना सकते हैं। अदरक कई औषधीय गुणों से भरपूर होता है, जो इम्यूनिटी को बढ़ाने में मदद करते हैं। साथ ही यह पाचन से जुड़ी कई समस्याओं को दूर करता है। इसमें मौजूद जिंजरोल और शोगोल नामक यौगिक पाचन एंजाइमों को एक्टिव करते हैं।

**नट्स और सीड्स**
हर हेल्थ एक्सपर्ट नट्स और सीड्स को हेल्दी डाइट का हिस्सा मानते हैं। अगर सीमित मात्रा में इनका सेवन किया जाए तो इम्यून सिस्टम मजबूत रहता है और आप बीमारियों और संक्रमण से बचे रह सकते हैं। यह हार्ट हेल्थ और पाचन के लिए भी बढ़िया साबित होते हैं।

**ब्रोकली**
ब्रोकली पोषक तत्वों का एक पावरहाउस है, जिसे डाइट में शामिल करने के कई सारे फायदे आपको मिल सकते हैं। इसमें मौजूद फाइबर, विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट्स इम्यून फंक्शन का समर्थ करते हैं और हेल्दी डायजेशन को बढ़ावा देते हैं।



## पथरी के दर्द से छुटकारा दिला सकती हैं 2 चीज

पथरी की समस्या बेहद खतरनाक साबित हो सकती है। इसका दर्द बिल्कुल सहने लायक नहीं होता। किडनी में बनने वाले स्टोन सबसे आम होते हैं। जो यहां से होते हुए यूरीनरी ट्रैक्ट के किसी भी हिस्से में फंस सकती है। जिसकी वजह से पेशाब न आना, जलन, पेशाब का बंद लगना जैसे लक्षण दिख सकते हैं। इससे छुटकारा पाने के लिए लोग ऑपरेशन करवा लेते हैं, लेकिन कई मामलों में देखा गया है कि उन्हें फिर से यह समस्या हो जाती है। अगर आप या आपका कोई जानकार भी ऐसी स्थिति से गुजर रहा है तो आयुर्वेदिक स्पेशियलिस्ट डॉक्टर रोबिन शर्मा के उपाय काम आ सकते हैं। उनके मुताबिक उन्होंने इस उपाय को कई मरीजों पर असर करते देखा है। इस समस्या से दाल जैसा सामान्य खाद्य पदार्थ खाकर भी राहत मिल सकती है। डॉक्टर के मुताबिक हफ्ते में 2 से 3 बार कुल्थी की दाल का सेवन करें। कैल्शियम ऑक्सालेट से होने वाली पथरी का खतरा कम होने लगेगा। इसे सामान्य दाल की तरह बना सकते हैं। इस समस्या के कई कारण हो सकते हैं। नेशनल किडनी फाउंडेशन के मुताबिक कम पानी पीना, कम या बहुत ज्यादा एक्सरसाइज करना, मोटापा, वेट लॉस सर्जरी या फिर चीनी या नमक का बहुत ज्यादा सेवन करना पथरी का कारण बन सकता है। किडनी स्टोन के 4 प्रमुख प्रकार हो सकते हैं। जिनमें कैल्शियम ऑक्सालेट, यूरिक एसिड, स्ट्रूवाइट, सिस्टाइन शामिल है।


## डेली एक संतरा कम कर सकता है डिप्रेशन का रिस्क, मिलते हैं फायदे

संतरा को एक सुपरफूड माना जाता है, क्योंकि कई तरह के न्यूट्रिएंट्स से भरपूर यह फल शरीर को कई तरह की बीमारियों से बचाने, सेहत को तंदरुस्त रखने और स्किन को निखारने में मदद करता है। यह फल आपके हैप्पी हार्मोन को भी बढ़ा सकता है, जिससे आप स्ट्रेस और डिप्रेशन से बच सकते हैं। जी हां, संतरे का सेवन और डिप्रेशन के कम रिस्क में संबंध पाया गया है। एक हालिया स्टडी में सामने आया है कि डेली एक संतरे का सेवन करने से व्यक्ति में डिप्रेशन का खतरा 20 प्रतिशत तक कम हो सकता है। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल में चिकित्सा के प्रशिक्षक और मैसाचुसेट्स जनरल अस्पताल के चिकित्सक राज मेहता के नेतृत्व में किए गए अध्ययन में रिसर्चर्स ने पाया कि जो लोग डेली खट्टे फल खाते हैं, उनमें डिप्रेशन विकसित होने का खतरा काफी कम था। आइए जानते हैं कैसे संतरा डिप्रेशन के खतरे को कम करता है और इस फल से अन्य क्या फायदे मिलते हैं। शोधकर्ताओं ने लिखा, हमने पाया कि प्रतिदिन एक मध्यम संतरा खाने से अवसाद विकसित होने का खतरा लगभग 20 प्रतिशत कम हो सकता है। संतरा खाने मुंहासों की समस्या कम होती है और दाग-धब्बे भी कम होते हैं। जिससे स्किन क्लियर और ग्लोइंग दिखती है।

## सुपरफूड को ढंग से नहीं पहचानते लोग, फेंक देते हैं कचरे में



कर्नाटक में खाने-पीने की चीजों की सुरक्षा को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। एफडीए ने हरे मटर के पकौड़ों के 114 सैंपल लिए थे। इनमें से 64 सैंपल में टार्टाजीन नाम का बैन किया हुआ रंग मिला है। यह रंग सेहत के लिए हानिकारक है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, एफडीए कमिश्नर श्रीनिवास के ने 3 मार्च को मुख्यमंत्री के ओएसडी को चिट्ठी लिखी है। उन्होंने बताया कि अब तक 96 सैंपलों की जांच हो चुकी है। इनमें से 32 सैंपल सही पाए गए हैं। बाकी सैंपलों की रिपोर्ट आनी बाकी है। पिछले साल ही स्वास्थ्य विभाग ने टार्टाजीन जैसे कई रंगों पर बैन लगाया था। इन रंगों का इस्तेमाल खाने-पीने की चीजों में नहीं किया जा सकता। फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स एक्ट, 2006 के अनुसार, खाने में मिलावटी रंग असुरक्षित माना जाता है। पिछले महीने ही राज्य भर से हरे मटर के पकौड़ों के सैंपल इकट्ठा करने के आदेश दिए थे। 20 फरवरी तक 70 सैंपल इकट्ठा कर लिए गए थे। श्रीनिवास के. ने बताया कि अधिकारियों को राज्य भर से सैंपल इकट्ठा करने के निर्देश दिए गए थे। आम लोगों से अपील की है कि वो मिलावटी खाने-पीने की चीजों से बचें। अगर आपको किसी भी खाने-पीने की चीज में मिलावट की शंका हो, तो तुरंत थ्व। को सूचित करें। आपकी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है।

## बाबर आजम ड्रॉप हुए तो पिता के सब्र का बांध टूटा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान के स्टार बल्लेबाज बाबर आजम को न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज से बाहर कर दिया गया है। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में पाकिस्तान का प्रदर्शन बेहद खराब रहा था, जिसके बाद ये फैसला लिया गया। टीम एक भी मैच जीते बिना ही ग्रुप स्टेज से बाहर हो गई थी। बाबर बड़ा स्कोर बनाने में नाकाम रहे थे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने टीम में बड़े बदलाव करते हुए बाबर और मोहम्मद रिजवान, दोनों को ही टीम से बाहर कर दिया। शोएब अख्तर ने बाबर को फ्रॉड बोल दिया था। और भी कई पूर्व क्रिकेटर उनकी आलोचना कर रहे। इस बीच, बाबर के पिता आजम सिद्दीकी ने पीसीबी और आलोचकों दोनों को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने लगातार की जा रही टिप्पणियों पर नाराजगी जताई और कहा कि बाबर वापसी करेंगे और टी20 फॉर्मेट में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। बाबर के पिता, आजम सिद्दीकी ने कहा, बॉस हमेशा सही होता है। आईसीसी की टी20 टीम ऑफ द ईयर के सदस्य होने के बाद भी उसे बाहर कर दिया गया। कोई बात नहीं। वह नेशनल टी20 और पीएसएल में अच्छा प्रदर्शन करेगा। इंशा अल्लाह, टीम में अच्छा प्रदर्शन करके वह जल्द ही वापसी करेगा। यही सम्मानजनक तरीका है।

### 16 मार्च से शुरू हो रही सीरीज

पाकिस्तान को न्यूजीलैंड में 16 मार्च से शुरू हो रही सीरीज में पांच टी 20 और तीन वनडे मैच खेलने हैं। पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज साइम अयूब अभी भी चोट से उबर नहीं पाए हैं और इस दौरे से बाहर हैं। साइम को इस साल की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दौरान फील्डिंग करते हुए टखने में चोट लग गई थी। सलामी बल्लेबाज फखर जमान भी चोट के कारण इस दौरे से बाहर हो गए हैं। उन्हें सीटी के पहले मैच में चोट लग गई थी। पिछले महीने तीन देशों के टूर्नामेंट में पाकिस्तान टीम में वापसी करने के बाद उन्हें यह चोट लगी थी।

# विराट-रोहित का आखिरी वनडे हो सकता है चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल

क्रिकेट

## पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा के बयान ने मचाई खलबली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट की गलियों में चर्चा है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल खेलने के बाद वनडे क्रिकेट को अलविदा कह देंगे। यह ठीक उसी तरह होगा जैसा उन्होंने टी20 वर्ल्ड कप जीतने के तुरंत बाद ही इस छोटे प्रारूप से संन्यास का ऐलान कर दिया था। अब इस चर्चा में पूर्व क्रिकेटर के बयान ने आग में घी डालने का काम किया है।

भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा का मानना है कि यदि रोहित शर्मा और विराट कोहली चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल के बाद वनडे क्रिकेट को अलविदा कह दें तो कोई हैरानी नहीं होगी। हालांकि, यह उन दोनों स्टार खिलाड़ियों पर निर्भर करता है कि क्या वे संन्यास का फैसला लेंगे। फिलहाल टीम इंडिया दुबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के




फाइनल की तैयारी में व्यस्त है। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि यह कोहली और रोहित के वनडे करियर का आखिरी मैच हो सकता है।

आकाश चोपड़ा ने कहा, यह पूरी तरह से उन पर निर्भर है। यह आसान नहीं होगा। 2025 में कोहली का बल्ले से प्रदर्शन शानदार रहा है और रोहित का ठीक-ठाक रहा है। मैं यह नहीं कहूंगा कि उनका प्रदर्शन बहुत अच्छा है। वह फाइनल में शतक बनाकर आंकड़े बदल सकते हैं। 2027 में वनडे वर्ल्ड कप में अभी कुछ साल बाकी हैं, इसलिए एक कदम पीछे हटने का फैसला ले सकते हैं।

चोपड़ा ने आगे कहा, अगर कोई मुझसे पूछे की वो कब रिटायरमेंट लेंगे तो मैं कहूंगा की मुझे नहीं पता। टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद उनका संन्यास लेना हैरानी की बात नहीं थी और यह उम्मीद के मुताबिक था, लेकिन यहां अगर वे टी20 और वनडे दोनों छोड़ देते हैं, तो केवल टेस्ट ही बचेगा। क्या वे उस रास्ते पर चलेंगे? कौन जानता है।

बता दें कि दोनों खिलाड़ी अच्छी फॉर्म में हैं, लेकिन उम्र उनका साथ धीरे-धीरे छोड़ रही है। विराट कोहली 36 साल के हो गए हैं और रोहित शर्मा 37 साल के हो गए हैं। अगला वर्ल्ड कप दो साल बाद हैं। यहां ये देखने वाली बात है कि क्या दोनों खिलाड़ी अपने आप को इसके लिए तैयार कर पाते हैं या फिर चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल के बाद भारतीय क्रिकेट का एक दौर समाप्त हो जाएगा और एक नए अध्याय की शुरुआत होगी।

# फाइनल में तुरुप का इक्का साबित हो सकता है ये ऑलराउंडर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दुबई। भारतीय टीम ने अक्षर पटेल को जिस तरह से इस टूर्नामेंट में इस्तेमाल किया है वह चैंपियंस ट्रॉफी के तुरुप के इक्के साबित हुए हैं। कोच गौतम गंभीर ने उन्हें पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी कराते हुए बाएं-दाएं हाथ के बल्लेबाजों का संयोजन कायम रखा और उनसे उनके कोटे के ज्यादा से ज्यादा ओवर कराकर विपक्षी टीमों पर दबाव बनाया।

इस टूर्नामेंट में वह कई मैचों में केएल राहुल और हार्दिक पांड्या से ऊपर उतरे जो ये बताता है कि भारतीय टीम प्रबंधन को उनकी बल्लेबाजी पर कितना भरोसा है। अक्षर पटेल चार मैचों में 80 रन बना चुके हैं, जिसमें उन्होंने न्यूजीलैंड के विरुद्ध 42 रन की बढ़िया पारी खेली थी। हार्दिक पांड्या ने उनसे एक ज्यादा 81 रन

- रोहित शर्मा ने कप्तानी में बनाया महारिकॉर्ड

बनाए हैं। पटेल ने आस्ट्रेलिया के विरुद्ध भी 27 रन बनाए थे। यही नहीं वह इस टूर्नामेंट में पांच विकेट भी ले चुके हैं। भारत के लिए उनसे ज्यादा आठ विकेट मोहम्मद शमी और सात विकेट वरुण चक्रवर्ती ने लिए हैं। अनुभवी राहुल की जगह अक्षर को पांचवें नंबर पर उतारने का टीम प्रबंधन का फैसला जोखिम भरा था, लेकिन उन्होंने इसे सही साबित किया।

अक्षर पिछले साल श्रीलंका के खिलाफ कोलंबो में खेले गए दूसरे वनडे मैच से नियमित रूप से पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी कर रहे हैं। उन्होंने पहले मैच में ही 44 रन बनाए थे। उन्होंने इसके बाद पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 52, नाबाद 41, 8, नाबाद 3, 42 और 27 रन बनाए हैं। राहुल के पहली पसंद का विकेटकीपर होने के कारण ऋषभ पंत के नहीं खेलने से भारत के लिए यह संयोजन बेहद महत्वपूर्ण साबित हुआ। भारत को फाइनल में कीवियों से भिड़ना है। उसके पूर्व कप्तान केन विलियमसन भारत और ट्रॉफी के बीच एक बड़ा खतरा होंगे। वह ग्रुप चरण के मैच में भी भारत के विरुद्ध अड़ गए थे लेकिन अक्षर ने ही उन्हें स्टंप आउट कराया था।

अक्षर के 10 ओवर के कोटे की यह अंतिम गेंद थी जिसने मैच का रुख भारत की तरफ मोड़ दिया था। अक्षर कितने मजबूत ऑलराउंडर साबित हो रहे हैं उसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने चार मैचों में अपने कोटे के 40 में से 37 ओवर किए हैं। इसमें सिर्फ 4.51 की इकोनामी से सिर्फ 167 रन दिए हैं।

## भारत ने शुरू की 2027 विश्व कप की तैयारी?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कहावत है समय सबसे बलवान होता है। अब रोहित शर्मा को ही देख लीजिए। ज्यादा समय पहले की बात नहीं है। भारतीय टीम न्यूजीलैंड से घर में टेस्ट सीरीज हारी। ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में हार मिली। टीम के कप्तान रोहित शर्मा को आखिरी टेस्ट के लिए प्लेइंग इलेवन में जगह नहीं मिली। उन्हें कप्तानी से हटाने की बात होने लगी थी। रोहित का करियर खत्म माना जा रहा था। ऑस्ट्रेलिया से लौटने के बाद जनवरी के आखिर तक उनके साथ हेड कोच, चीफ सिलेक्टर और बोर्ड के अधिकारियों के बीच कई तरह की बातें हो रही थीं। अब समय बदल चुका है। अभी मार्च शुरू ही हुआ है और रोहित शर्मा को तोहफा मिल सकता है। भारतीय टीम के चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में पहुंचते ही रोहित शर्मा की कप्तानी की तारीफ होने लगी।

## न्यूज डायरी



### रोहित शर्मा का भविष्य और नया सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट पर होगा विचार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल के नतीजे भारतीय क्रिकेट टीम के 2027 के वनडे वर्ल्ड कप और अगले वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप साइकल की तैयारी की नींव रखेंगे। इससे कप्तान रोहित शर्मा का भविष्य भी तय होगा क्योंकि बीसीसीआई अगले दो सालों की योजना के लिए एक स्थिर कप्तानी चाहता है। सूत्रों के मुताबिक, रोहित को वनडे और टेस्ट की कप्तानी से हटाने पर कड़ी बहस हो सकती है। बोर्ड ने नए केंद्रीय अनुबंधों की घोषणा भी रोक रखी है और न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल का इंतजार करेगा। मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर और मुख्य कोच गौतम गंभीर ने ऑस्ट्रेलिया दौरे से लौटने के बाद बोर्ड और रोहित के साथ इस बारे में बातचीत की है। यह भी पता चला है कि बैठक के दौरान, भारतीय कप्तान चैंपियंस ट्रॉफी समाप्त होने के बाद टीम के लिए आगे की योजना बनाने के विचार के खिलाफ नहीं थे। बीसीसीआई के सूत्र ने कहा, श्रोहित को अब भी लगता है कि उनमें थोड़ा क्रिकेट बाकी है। उन्हें आगे की अपनी योजनाओं के बारे में बताने के लिए कहा गया है। संन्यास लेना उनका फैसला है लेकिन कप्तानी जारी रखने पर एक और चर्चा होगी। रोहित खुद समझते हैं कि अगर टीम को वर्ल्ड कप की तैयारी करनी है तो एक स्थिर कप्तान की जरूरत है। बीसीसीआई आमतौर पर आइपीएल से पहले अपने वार्षिक खिलाड़ी अनुबंधों की घोषणा करता है। चैंपियंस ट्रॉफी में मजबूत प्रदर्शन इन खिलाड़ियों को बड़े अनुबंध को बनाए रखने में मदद कर सकता है।

### रोहित की बॉडी शेमिंग करने वाली शमा मोहम्मद का रोजा विवाद पर आया बयान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद शमी के रोजा ना रखने पर बवाल मच गया है। उन्हें दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले के दौरान एनर्जी ड्रिंक पीते हुए देखा गया। यह मैच रमजान के पवित्र महीने में खेला जा रहा था। 34 साल शमी को ड्रिंक पीते देख, मौलाना बरेलवी ने उन्हें रोजा ना रखने के लिए अपराधी करार दिया। इसके बाद कांग्रेस नेता शमा मोहम्मद ने शमी का बचाव किया। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को मोटा और अप्रभावी कप्तान बताकर शमा मोहम्मद चर्चा में आई थी। अब शमी के बचाव में उन्होंने एएनआई से कहा, इस्लाम में रमजान के दौरान एक बहुत ही महत्वपूर्ण बात है। जब हम यात्रा कर रहे होते हैं, तो हमें रोजा रखने की आवश्यकता नहीं होती है। इसलिए मोहम्मद शमी यात्रा कर रहे हैं और वह अपने घर पर नहीं हैं। वह एक ऐसा खेल खेल रहे हैं जहां उन्हें बहुत प्यास लग सकती है। कोई भी इस बात पर जोर नहीं देता कि जब आप खेल खेल रहे हों, तो आपको रोजा रखना ही होगा। यह आपके कर्म हैं जो बहुत महत्वपूर्ण हैं। इससे पहले मौलाना बरेलवी ने कहा था, रोजा ना रखकर उसने (मोहम्मद शमी) एक अपराध किया है। उसे ऐसा नहीं करना चाहिए था। शरियत की नजर में, वह एक अपराधी है। उसे जवाब देना होगा।

### गोल्फर को क्रिकेट मैदान पर कैसी रोकेगी टीम इंडिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी का खिताबी मुकाबला खेलने के लिए खेलने के लिए तैयार है। 9 मार्च को दोनों टीमों के बीच फाइनल खेला जाएगा। रोहित शर्मा की टीम ने ऑस्ट्रेलिया को सेमीफाइनल में हराकर फाइनल का टिकट कटाया है। दूसरी तरफ कीवी टीम ने साउथ अफ्रीका पर एकतरफा जीत हासिल की। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम पर खिताबी मुकाबला खेला जाएगा। चैंपियंस ट्रॉफी में न्यूजीलैंड की टीम बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज मिचेल सेंटनर की कप्तानी में खेल रही है। वह खुद को पार्ट टाइम क्रिकेटर मानते हैं। सेंटनर ने अपने इंस्टाग्राम के बायो पर इस जानकारी डाल रखी है। उन्होंने वहां लिखा है- पार्ट टाइम न्यूजीलैंड क्रिकेटर, फुल टाइम गोल्फर। सेंटनर को गोल्फ खेलने का काफी शौक है। क्रिकेट से जब भी समय मिलता है वह गोल्फ खेलने पहुंच जाते हैं। मिचेल सेंटनर का भारत के खिलाफ दमदार रिकॉर्ड है। 2019 वर्ल्ड कप का सेमीफाइनल मुकाबला कोई भी भारतीय फैन नहीं भूल सकता। इस मैच में सेंटनर ने 10 ओवर में 34 रन देकर दो विकेट लिए थे। उन्होंने ऋषभ पंत और हार्दिक पंड्या के बड़े विकेट लिए थे। 2021 टी20 वर्ल्ड कप में उन्होंने 4 ओवर में 15 रन दिए थे।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### पार्षद कमली भट्ट को किया सम्मानित

**संवाददाता** देहरादून। बद्री जन कल्याण संगठन समिति बद्रीश कॉलोनी के पदाधिकारियों और सदस्यों ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय पार्षद कमली भट्ट को सम्मानित किया। इस अवसर पर पार्षद ने लोगों को आश्वासन दिया कि वह क्षेत्र में विकास कार्य करवाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगी। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार है। नगर निगम में भी पार्टी ने एतिहासिक जीत दर्ज की है। ऐसे में उन्हें पूरा विश्वास है कि ट्रिपल इंजन की सरकार विकास को एक नई रफ्तार देगी।

### भाकियू के होली मिलन में खूब हुआ हास्य व्यंग

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय किसान यूनियन एकता शक्ति उत्तराखंड ने होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया। उत्तरांचल प्रेस क्लब में गुरुवार को यूनियन की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जस्टिस राजेश टंडन, अति विशिष्ट अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष अशोक वर्मा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अध्यक्षता यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र दत्त शर्मा, संचालन प्रदेश महामंत्री विकास चौहान ने किया। जस्टिस राजेश टंडन ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान हास्य व्यंग, कविता पाठ भी किया गया। इसके बाद उत्तराखंड की लोकगायिका एवं वरिष्ठ समाजसेविका सोनिया आनंद रावत ने अपने गीतों से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यूनियन की ओर से समाज में बेहतर काम करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया।

### स्वास्थ्य क्षेत्र में मिसाल कायम कर रहीं महिला चिकित्सक

**संवाददाता** ऋषिकेश। उत्तराखंड में स्थित सबसे बड़े स्वास्थ्य संस्थान एम्स ऋषिकेश की कमान महिला अधिकारी के हाथ में है। कई अन्य महिला चिकित्सक भी चिकित्सा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अहम भूमिका निभा रही हैं। विश्व स्तर पर यूनाइटेड स्टेट अमेरिका और यूनाइटेड किंगडम में मेडिकल क्षेत्र के विभिन्न प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी प्रो. मीनू सिंह वर्तमान में एम्स ऋषिकेश और बठिंडा में निदेशक पद के अलावा क्रोकेन इंडिया की को–चेयरपर्सन पद का भी निर्वाह कर रही हैं।

# कितनी महिलाओं को मिल रहा योजनाओं का लाभः सीएस

**निर्देश**

■ मुख्य सचिव ने महिला सशक्तिकरण की योजनाओं के परफॉर्मेशन ऑडिट के निर्देश दिए

■ सीएस ने योजनाओं की महिला लाभार्थियों की सटीक जानकारी तलब की

**संवाददाता**

देहरादून। महिला सशक्तिकरण की विभिन्न योजनाओ की शुरूआत से अभी तक कितनी महिलाओं को लाभ पंहुचा हैं, इस सम्बन्ध में सटीक जानकारी तलब करते हुए मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने महिला सशक्तिकरण से जुड़ी सभी योजनाओं के परफॉर्मेंस ऑडिट करने के निर्देश दिए हैं। सीएस ने योजनाओं के लक्षित वर्ग पर पड़ने वाले प्रभाव के आधार पर योजनाओं के गुणवत्ता में सुधार करते हुए रिमॉड्यूलेशन के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने सचिव स्तर पर इन योजनाओं के रिमॉड्यूलेशन के ड्राफ्ट पर कार्य करने की जिम्मेदारी तय की है। लक्षित वर्ग को योजनाओं का अधिकतम लाभ पहुंचाने को लेकर मुख्य सचिव श्रीमती रतूड़ी ने योजनाओं के प्रभाव मूल्यांकन की हिदायत दी है।

मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी शुक्रवार को सचिवालय में महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग के तहत उत्तराखण्ड महिला एवं बाल विकास समिति की महासभा की वार्षिक बैठक की अध्यक्षता कर रही थी।



मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने सचिव महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास को मुख्यमंत्री महिला सतत आजीविका योजना के साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा संचालित महिलाओं की आजीविका से जुड़ी सभी योजनाओं को जोड़ने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने बालिका शिक्षा प्रोत्साहन के तहत मेधावी छात्राओं हेतु देशभर में शैक्षिक भ्रमण करवाने की योजना पर कार्य करने के निर्देश दिए हैं। राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों में भी महिलाओं एवं बालिकाओं में मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता को प्रोत्साहित करने को लेकर मुख्य सचिव ने आंगनबाड़ियों के माध्यम से सैनेटरी नैपकिन के वितरण की कार्ययोजना पर कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने महिलाओं हेतु एनिमिया उन्मूलन अभियान को जन अभियान बनाते हुए गम्भीरता से कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक के दौरान मुख्य सचिव को बाल कल्याण निधि, किशोरियों, बालिकाओं एवं महिलाओं हेतु सैनेटरी नैपकिन योजना, मुख्यमंत्री सतत आजीविका योजना एवं उत्तराखण्ड महिला समेकित विकास योजना की वर्ष 2019 से 2024 तक की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति से अवगत कराया गया।

बैठक में सचिव चंद्रेश यादव, विनय शंकर पाण्डेय, नीरज खैरवाल सहित शिक्षा, वित्त, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री ने दी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों विशेष रूप से मातृशक्ति को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि मातृ शक्ति के सहयोग के बिना किसी भी समाज अथवा राष्ट्र का संपूर्ण विकास नहीं हो सकता। भारतीय संस्कृति में शक्ति की पूजा की जाती रही है, महिला समाज की मार्ग दर्शक के साथ ही प्रेरणा का स्त्रोत भी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं के बेहतर भविष्य के लिए उनका वर्तमान संवारने के लिए राज्य सरकार द्वारा कारगर प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 30 प्रतिशत तथा उत्तराखण्ड सहकारी समितियों में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण का प्राविधान किया गया है। प्रदेश में अब तक 01 लाख लखपति दीदी बनाई जा चुकी है। अगले वर्ष तक यह लक्ष्य 2.50 लाख करने का रखा गया है।

# महिलाओं को समानता का अधिकार देने का ले संकल्प

**सम्मान**

■सीएस ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला कार्मिकों तथा होमगार्ड को किया सम्मानित

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उत्तराखंड सचिवालय संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया।

सचिवालय के सभी कार्मिकों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने कहा कि मेरा सभी से आग्रह है कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हम महिलाओं को समानता का अधिकार देने का संकल्प लें। हम सभी को प्रतिज्ञा करनी होगी कि यदि हम अपने आसपास, परिवार या समाज में कहीं भी महिलाओं के प्रति किसी प्रकार का भेदभाव देखे तो उसके खिलाफ आवाज उठाएंगे।




हमें महिलाओं की शिक्षा और स्वास्थ्य सुधार के लिए विशेष प्रयास करने की जरूरत है। इससे हम पूरे समाज और देश में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं।

विकसित भारत, सशक्त उत्तराखंड विकसित उत्तराखंड के लक्ष्य को पूरा करने के लिए हमें अपनी आधी आबादी को बराबरी का अधिकार देते हुए कार्यबल में शामिल करना होगा। यदि हमे जीएसडीपी को दुगना करने का लक्ष्य जल्द पूरा करना है तो अधिक से अधिक महिलाओं को भी वर्कफोर्स से जोड़ना होगा।

इस अवसर पर मुख्य सचिव ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला कार्मिकों तथा होमगार्ड को सम्मानित किया। कार्यक्रम में सचिवालय के सभी अधिकारी तथा कर्मचारी मौजूद रहे।

### धूलकोट में तीन कुंतल पनीर और 60 किलो मावा पकड़ा

**संवाददाता** देहरादून। त्योहारी सीजन पर दून जिले में खाद्य पदार्थों से मिलावट के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने पौंटा हाईवे पर धूलकोट के पास एक वाहन से तीन कुंतल पनीर और 60 किलो मावा बरामद किया। इसे फंगस लगी पॉलीथिन में रखा गया था। टीम ने पनीर और मावा को नष्ट करवा दिया। खाद्य सुरक्षा आयुक्त डॉ. आर. राजेश कुमार और जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देश पर अपर आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ताजबर सिंह की ओर से खाद्य पदार्थों की मिलावट के खिलाफ क्विक रिस्पांस टीमों का गठन किया गया है। संयुक्त आयुक्त डॉ. आरके सिंह की सूचना के पर जिला अभिहित अधिकारी देहरादून मनीष सयाना के नेतृत्व में टीम ने विकासनगर रूट पर धूलकोट में वाहनों की चेकिंग शुरू की। इसमें एक प्राइवेट कार से तीन कुंतल पनीर और 60 किलो मावा बरामद किया। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निरीक्षण में यह काफी खराब तरीके से परिवहन करते हुए पाया गया।

### फैट टाइगर ने देहरादून में लांच किया अपना नया स्टोर

**संवाददाता** देहरादून। भारत की लीडिंग क्विक सर्विस रेस्टोरेंट फैट टाइगर ने देहरादून में अपने नए आउटलेट की भव्य शुरुआत की घोषणा की है। यह नया आउटलेट सी–1/103, सी–1/110 और सी–1/111, इंद्रा नगर कॉलोनी, देहरादून–248006 में स्थित है और मोमो प्रेमियों और बबल टी के शौकीनों के लिए पसंदीदा जगह बनने के लिए तैयार है। हमें यहां अपने यूनिक क्विक डाइनिंग कॉन्सेप्ट को पेश करने की बेहद खुशी है।






स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।